कार्यालय, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,माधवपुरम, मेरठ।

परिक्षेत्र–मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल

दूरभाष / फैक्स 0121–2400444 ई–मेल rheomeerut@yahoo.com वैबसाईट www.rheomrt.org

पत्रांक / क्षे0का0मे0 / 1261 / 2020–21 / दिनांक 05 / 09 / 2020

सेवा में,

प्राचार्य/निदेशक,
समस्त राजकीय, अशासकीय, स्ववित्त पोषित महाविद्यालय,
मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल।

विषय:– ५ सितंबर २०२०, शिक्षक दिवस के अवसर पर "SMILE" की उपलब्धता के सम्बन्ध में।

महोदय,

भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति स्व० डॉ० एस०राधा कृष्णन के जन्म दिवस पर सभी शिक्षक साथियो को बहुत सारी बधाई प्रेषित करता हूँ। जैसा कि वर्ष २०२० में कोविड–१९ के कारण सम्पूर्ण विश्व में निराशा की भावना उत्पन्न हो गई है अतः आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी शिक्षक साथी समाज में सभी को इस नकारात्मक भाव से ऊपर लाने का प्रयास करें। एक तथ्य संज्ञान में आया है कि आज सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक डिजिटल युग में सोशल मीडिया का स्वतः ही प्रयोग कर उत्साह की भावना का अनुभव करते है तब हम अपने-अपने महाविद्यालयों में भी "SMILE" सोशल मीडिया इन लर्निंग एजूकेशन,, के द्वारा Face book, पर महाविद्यालय का पेज यदि अद्यतन विकसित नही किया है तब विकसित कर सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियो को व्यक्तित्व विकास, कौशल विकास आत्म निर्भरता हेतु मार्गदर्शन आदि से सम्बन्धित पोस्ट अपलोड करने के लिये अभिप्रेरित करें, ताकि सभी के द्वारा उत्साहपूर्वक नयी शिक्षा नीति २०२० के लक्ष्यों को हासिल किया जा सके, महाविद्यालय द्वारा विकसित पेज की सूचना से इस कार्यालय को भी अवगत करायें ताकि शासन को भी किये जा रहे अभिनव प्रयासों से अवगत कराया जा सके।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सहयोग से हम समाज में उच्च शिक्षा के माध्यम से आत्म निर्भर भारत की दिशा में वांछित परिवर्तन लाने में सफल होगें।

भवदीय,

डॉ० (राजीव कुमार गुप्ता)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
मेरठ।

पृ०सं०–क्षे०का०मे०/ /२०२०–२१ तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि–शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

डॉ० (राजीव कुमार गुप्ता)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
मेरठ।